Regarding need to change the call sign `VT` on Indian aircraft to `BT` i.e. Bharat Territory

श्री मितेश पटेल (बकाभाई) (आनंद): भारत में, "VT" के साथ शुरू होने वाले विमान रजिस्ट्रेशन संख्याएँ जो विमान की राष्ट्रीयता को दर्शाता है (DGCA) द्वारा सौंपी जाती हैं । " वर्तमान में VT" इस कोड के शुरुआत में राष्ट्रीय पहचान हेतु उपयोग होता है जिसका मतलब विक्टोरिया या वायसराय टेररेटरी होता है जो अंग्रेजों के शासन काल में भारतीय विमानों के लिए अपनाया गया था । जब हम आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहें है और प्रधानमंत्री जी गुलामी के प्रतीकों को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं तो हमें अब अपने विमानों की राष्ट्रीय पहचान भारत से जोड़कर एक और गुलामी के प्रतीक से मुक्ति पा लेनी चाहिए । मेरा प्रस्ताव है कि विमान रजिस्ट्रेशन संख्याएँ VT के बदले BT अर्थात भारत टेररेटरी होना चाहिए जो स्वतंत्र भारत की भावना से मेल खाता है और राष्ट्रीय पहचान की भावना को बढ़ावा देता है ।